न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) भादरा, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी :—श्रीमती शकुंतला चौधरी आर.ए.एस.

मि0न0 – 04/2016(2016/00005)

अनवान : –

झिण्डुराम पुत्र जीताराम जाति नाई निवासी झोरड़पुराबास भादरा तहसील भादरा।

प्रार्थी

बनाम

1. मंगतुराम पुत्र जोराराम जाति नाई निवासी डूंगरवास तहसील भादरा।
2. भादरराम पुत्र हरिराम जाति जाट निवासी डूंगरवास तहसील भादरा।
3. श्रीराम पुत्र उदयराम जाति जाट निवासी डूंगरवास तहसील भादरा।
4. शेरसिंह पुत्र बीरबल जाति यादव निवासी डूंगरवास तहसील भादरा।
5. भीमसिंह पुत्र श्रीचन्द जाति यादव निवासी डूंगरवास तहसील भादरा।
6. रामकुमार पुत्र जयलाल जाति जाट निवासी रतनपुरा तहसील भादरा।
7. अमरचन्द पुत्र जयलाल जाति जाट निवासी रतनपुरा तहसील भादरा।
8. सतीश पुत्र करणीसिंह जाति जाट निवासी रतनपुरा तहसील भादरा।
9. हरीश पुत्र करणीसिंह जाति जाट निवासी रतनपुरा तहसील भादरा।

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र बाबत रास्ता
अन्तर्गत धारा 8(2) राज0 को0 कन्डीशन सपठित
धारा 251ए राजस्थान कास्तकारी अधिनियम

उपस्थिति :– श्री प्रेमप्रकाश झोरड़ प्रार्थी
श्री लीलाधर अग्रवाल अप्रार्थी
संख्या 1

आदेश दिनांक: 08/11/21

संक्षेप में प्रार्थना पत्र के तथ्य इस प्रकार है कि रोही मौजा चक 3 बीएचडी के वर्तमान खाता सं 41/36 के मु0न0 58 के किला न0 3 ता 8, 13, 18, 23 की कुल 2.277 हैक्टेयर नहरी मय खाला कृषि भूमि प्रार्थी के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है।

प्रार्थी के खातेदारी भूमि के पास चिपते ही चक 3 बीएचडी के खाता संख्या 74/68 के मुरब्बा न0 41 के किला न0 21, 22, मु0 न0 58 के किला न0 1, 2 9 ता 12, 19 ता 22, मु0 न0 59 के किला न0 2 ता 7, 11 ता 15, मु0 न0 60 के किला न0 15, मु0 न0 68 के किला न0 6, 15, मु0 न0 69 के किला न0 9 ता 13 इस प्रकार कुल 8.273 हैक्टेयर नहरी मय रास्ता खातेदारी अप्रार्थीगण के नाम मुश्तर्का खातेदारी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है।

उपखण्डाधिकारी (राजस्व) भादरा (जिला-हनुमानगढ़)

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष 2021 कैम्प स्थल भोजासर में

प्रकरण संख्या 04/2016 झिण्डुराम बनाम मंगतुराम आदि बाबत रास्ता

अप्रार्थी संख्या 2 ता 7 द्वारा रास्ता स्वीकृत करवाने हेतु सहमति जाहिर की गई। अप्रार्थी संख्या 1 द्वारा राजीनामा पेश किया गया तथा अप्रार्थी संख्या 8 व 9 के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई।

पत्रावली को प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष 2021 ग्राम पंचायत भोजासर में सुनवाई हेतु लिया गया। प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है कि **अप्रार्थीगण के नाम रोही मौजा चक 3 बीएचडी के मु0 न0 58 के किला नम्बर 1 व 2 में उत्तरी तरफ पूर्व से पश्चिम की ओर 0.013 हैक्टेयर यानि 8-1/4 फीट चौड़ा रास्ता का अंकन राजस्व रिकॉर्ड में किया जावें व उक्त रास्ता का अंकन राजस्व रिकॉर्ड, हॉल जमाबन्दी एवं नक्शा में किया जावें** तहसीलदार भादरा के नाम आदेश जारी हो।

निर्णय आज दिनांक ..08/11/21.......... को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) भादरा जिला हनुमानगढ़

(शकुंतला चौधरी)
उपखण्डाधिकारी (राजस्व) R.A.S
भादरा (जिला हनुमानगढ़)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
भादरा जिला हनुमानगढ़